**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 15.09.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में सशस्त्र बलों के कमांडर सम्मेलन में शामिल हो रहे है। इसका आयोजन सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में किया जा रहा है। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख सीडीएस अनिल चौहान भी मौजूद हैं। इस सम्मेलन के दौरान शीर्ष सेन्य अधिकारी भविष्य में जरूरी सुधारों पर मंथन करेंगे। इसके साथ ही सुरक्षा बलों के अभियान की तैयारियों तथा परिचालन पर भी चर्चा की जायेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री बिहार दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री विभिन्न विकास कार्यो और राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का शुभारम्भ भी करेंगे।

0000

आज इंजीनियर्स दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धाजंलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री विश्वेश्वरैया ने भारत के इंजीनियरिंग परिदृश्य पर अमिट छाप छोडी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंजीनियर विकसित भारत के निर्माण में सामूहिक भूमिका निभाते रहेंगे। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी इंजीनियरो की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों की दूरदर्शिता नवाचार और समर्पण से देश तकनीकी रूप से आगे बढ रहा है।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि महिलाएं नेतृत्व और नई सोच के साथ विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत विकसित बनने के संकल्प को पूरा करेगा। श्री बिरला आज तिरूपति में आयोजित महिला सशक्तिकरण समितियों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में बोल रहे थे। श्री बिरला ने सभी प्रतिनिधियों से एकजुटता के साथ महिला शिक्षा के प्रसार के संकल्प को शत प्रतिशत पूरा करने का आग्रह किया।

.....

तिरूपति में कल से शुरू हुए इस सम्मेलन में संसद और राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों की महिला सशक्तिकरण समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और महिलाओं की प्रगति से जुडे विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

0000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले का आज जयपुर पंहुचने का कार्यक्रम है। श्री अठावले आज दोपहर में जयपुर में प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेंगे।

0000

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवाई और जस्टिस ए जी मसीह की पीठ ने कहा है कि वक्फ सम्पत्ति घोषित करने के लिए यह जरूरी नहीं है कि व्यक्ति पांच साल से इस्लाम धर्म का अनुयायी हो। इसके साथ ही वक्फ बोर्ड ने गैर मुस्लिम सदस्यों के नामांकन की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक नहीं लगाई है। हालांकि अदालत ने कहा है कि जहां तक संभव हो बोर्ड का पदैन सदस्य मुस्लिम व्यक्ति होना चाहिए।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज अजमेर प्रवास पर रहेंगे। श्री बागडे महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय जायेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्यपाल अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे।

0000

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल खेरथल तिजारा स्थित भिवाडी के आलमपुर क्षेत्र में ई–लाईब्रेरी का उद्घाटन किया। इसमें 42 अत्याधुनिक कम्प्यूटर लगाये गये है। इसके माध्यम से छात्र–छात्राओं को करियर बिल्डिंग, नये डिजिटल कोर्सेज और विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी मिल सकेगी।

0000

दूरदर्शन आज अपनी स्थापना के 66 वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में 15 सितंबर 1959 में दूरदर्शन से प्रसारण युग का शुभारंभ हुआ था। पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने आज के ही दिन पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।

0000